# संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

## मांग संख्या 15

### दूरसंचार विभाग

क. वसूलियों और राजस्व प्राप्तियों को घटाने के बाद, बजट आबंटन इस प्रकार हैः

*(करोड़ रुपए)*

| | | बजट 2002-2003 | | | संशोधित 2002-2003 | | | बजट 2003-2004 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मुख्य शीर्ष | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| राजस्व | | 182.00 | 87.92 | 269.92 | 119.44 | 87.89 | 207.33 | 175.14 | 181.31 | 356.45 |
| *पूंजी* | | *1.00* | ... | *1.00* | *721.00* | ... | *721.00* | *1.00* | ... | *1.00* |
| **जोड़** | | **183.00** | **87.92** | **270.92** | **840.44** | **87.89** | **928.33** | **176.14** | **181.31** | **357.45** |
| **दूरसंचार** | | | | | | | | | | |
| 1. सचिवालय आर्थिक सेवाएं | 3451 | ... | 4.03 | 4.03 | ... | 4.45 | 4.45 | ... | 4.61 | 4.61 |
| 2.01 प्रशासन महानिदेशालय | 3451 | ... | 36.54 | 36.54 | ... | 35.94 | 35.94 | ... | 36.09 | 36.09 |
| 2.02 प्रशासक-यूएसओ निधि | 3451 | ... | ... | ... | ... | 0.59 | 0.59 | ... | 1.00 | 1.00 |
| 2.03 दूरसंचार इंजीनियरी केंद्र | 3451 | 4.00 | 9.69 | 13.69 | 3.70 | 9.78 | 13.48 | 2.27 | 10.06 | 12.33 |
| 2.04 सी-डाट | 3451 | 75.00 | 7.00 | 82.00 | 74.09 | 5.80 | 79.89 | 38.66 | ... | 38.66 |
| | *जोड़* | *79.00* | *53.23* | *132.23* | *77.79* | *52.11* | *129.90* | *40.93* | *47.15* | *88.08* |
| **अन्य संचार सेवाएं** | | | | | | | | | | |
| 3. वायरलेस अनुवीक्षण सेवाएं | 3275 | 0.25 | 8.87 | 9.12 | 0.25 | 9.18 | 9.43 | 0.50 | 9.80 | 10.30 |
| 4. भा.टे.उ. को प्रतिपूर्ति | 3275 | ... | 4.00 | 4.00 | ... | 4.00 | 4.00 | ... | 1.50 | 1.50 |
| 5. अन्तर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ, जेनेवा व एशिया प्रशान्त दूरसंचार समुदाय को अंशदान | 3275 | ... | 6.00 | 6.00 | ... | 6.20 | 6.20 | ... | 6.20 | 6.20 |
| 6. बेतार और योजना समन्वय सम्बन्धी कार्यक्रम | 3275 | 101.05 | 2.16 | 103.21 | 38.62 | 2.32 | 40.94 | 131.17 | 2.29 | 133.46 |
| 7. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण को अंतरण | 3275 | 1.50 | 5.00 | 6.50 | 2.30 | 5.00 | 7.30 | 1.67 | 5.00 | 6.67 |
| 8. दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण को अनुदान | 3275 | 0.20 | 2.00 | 2.20 | 0.48 | 2.00 | 2.48 | 0.87 | 2.13 | 3.00 |
| 9. भा.सं.नि.लि. को प्रतिपूर्ति | 3275 | ... | 2300.00 | 2300.00 | ... | 2300.00 | 2300.00 | ... | ... | ... |
| भा.सं.नि.लि. को लाईसेंस फीस में से प्राप्ति घटाकर | 1275 | ... | -2300.00 | -2300.00 | ... | -2300.00 | -2300.00 | ... | ... | ... |
| | *निवल* | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 10. पेंशन | 2071 | ... | 800.00 | 800.00 | ... | 839.80 | 839.80 | ... | 1011.20 | 1011.20 |
| भा.सं.नि.लि. से वसूली योग्य अंशदान घटाकर | 0071 | ... | -800.00 | -800.00 | ... | -839.80 | -839.80 | ... | -1011.20 | -1011.20 |
| भा.सं.नि.लि. से प्राप्त ब्याज घटाकर | *निवल* | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 11. आई टी आई लिमिटेड को ब्याज संबंधी सब्सिडी | 2852 | ... | 2.63 | 2.63 | ... | 2.63 | 2.63 | ... | 2.63 | 2.63 |
| 12. सार्वभौम सेवा देयता निधि को अन्तरण | 3275 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 100.00 | 100.00 |
| ***ख. पूंजी भाग*** | | | | | | | | | | |
| 1. भारत संचार निगम लिमिटेड को ऋण | 7275 | 1.00 | ... | 1.00 | 721.00 | ... | 721.00 | 1.00 | ... | 1.00 |
| **जोड़ पूंजी भाग** | | **1.00** | **...** | **1.00** | **721.00** | **...** | **721.00** | **1.00** | **...** | **1.00** |
| ***कुल जोड़*** | | ***183.00*** | ***87.92*** | ***270.92*** | ***840.44*** | ***87.89*** | ***928.33*** | ***176.14*** | ***181.31*** | ***357.45*** |

| **ख. सरकारी उद्यमों में निवेश** | विकास शीर्ष | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. भारतीय दूरभाष उद्योग | 12859 | ... | 73.00 | 73.00 | ... | 71.73 | 71.73 | ... | 202.00 | 202.00 |
| 2. हिंदुस्तान टेलीप्रिंटर्स लिमिटेड | 12859 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 3. महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड | 13225 | ... | 3994.06 | 3994.06 | ... | 2180.00 | 2180.00 | ... | 2284.00 | 2284.00 |
| 4. विदेश संचार निगम लिमिटेड | 13275 | ... | 1135.73 | 1135.73 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 5. भारत संचार निगम लिमिटेड | 13225 | 1.00 | 14075.00 | 14076.00 | 721.00 | 11098.00 | 11819.00 | 1.00 | 12284.00 | 12285.00 |
| **जोड़** | | **1.00** | **19277.79** | **19278.79** | **721.00** | **13349.73** | **14070.73** | **1.00** | **14770.00** | **14771.00** |
| **ग. आयोजना परिव्यय*** | | | | | | | | | | |
| 1. दूरसंचार और इलैक्ट्रोनिक उद्योग | 12859 | ... | 73.00 | 73.00 | ... | 71.73 | 71.73 | ... | 202.00 | 202.00 |
| 2. दूरसंचार सेवाएं | 13225 | ... | 18069.06 | 18069.06 | ... | 13278.00 | 13278.00 | ... | 14568.00 | 14568.00 |
| 3. अन्य संचार सेवाएं | 13275 | 185.00 | 1135.73 | 1320.73 | 841.31 | ... | 841.31 | 185.00 | ... | 185.00 |
| **जोड़** | | **185.00** | **19277.79** | **19462.79** | **841.31** | **13349.73** | **14191.04** | **185.00** | **14770.00** | **14955.00** |

**इसमें शहरी विकास और गरीबी उन्मूलन मंत्रालय की मांग में निर्माण कार्य परिव्यय के लिए की गई व्यवस्था शामिल है।*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मांग संख्या-98 | 0.45 | ... | 0.45 | 0.08 | ... | 0.08 | 1.60 | ... | 1.60 |
| मांग संख्या-99 | 1.55 | ... | 1.55 | 0.79 | ... | 0.79 | 7.26 | ... | 7.26 |
| **जोड़** | **2.00** | **...** | **2.00** | **0.87** | **...** | **0.87** | **8.86** | **...** | **8.86** |

*राजस्व भाग*

1. **सचिवालयः** इसमें दूरसंचार विभाग से संबंधित भाग के लिए संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिवालय पर व्यय के लिए प्रावधान है।

2. **निदेशालयः** यह प्रावधान दूरसंचार विभाग के व्यय के लिए है जिसमें डॉट सैल, दूरसंचार इंजीनियरिंग केन्द्र, प्रशासक, यूएसओ निधि और टेलीमैटिक्स विकास केन्द्र शामिल हैं।

*अन्य संचार सेवाएंः*

3. **बेतार अनुवीक्षण सेवाएं**- इसमें बेतार अनुवीक्षण संगठन के व्यय के लिए व्यवस्था है रेडियो आवृत्ति प्रबन्ध हेतु अनुवीक्षण संबंधी निष्कर्षों के आधार पर तकनीकी और सम्बद्ध आंकड़े उपलब्ध कराता है, भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत कतिपय सांविधिक कार्य पूरे करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रेडियो विनियमों का प्रवर्तन करता है। इसके अतिरिक्त, यह कारगर राष्ट्रीय रेडियो आवृत्ति प्रबंध हेतु रेडियो पारेषणों पर हर समय कड़ी निगाह रखता है। इस प्रावधान में स.अ. 2002-03 में 2.97 करोड़ रुपए और आयोजना के अन्तर्गत ब.अ. 2003-04 में 9.36 करोड़ रुपए (सिविल निर्माण कार्यों सहित) शामिल हैं जिनकी पूर्ति बजटीय सहायता से की जाएगी।

4. **आई.टी.आई. को क्षतिपूर्ति-** इसमें श्रीनगर यूनिट में इसकी हानियों के लिए आई.टी.आई. को प्रदत्त क्षतिपूर्ति पर व्यय के लिए प्रावधान है।

5. **अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग** : इसमें अन्तर्राष्ट्रीय दूर संचार संघ, जेनेवा और एशिया प्रशान्त समुदाय, बैंकाक को किए जाने वाले भुगतान से संबंधित अनुमान शामिल हैं।

6. **बेतार योजना और समन्वय कार्यक्रमः** यह प्रावधान बेतार-नियोजन और समन्वय स्कन्ध से सम्बन्धित व्यय के लिए हैं। बेतार-नियोजन और समन्वय स्कंध पारेषण और अभिग्राही केन्द्रों के लिए भारतीय बेतार टेलीग्राफी अधिनियम, 1885 के विभिन्न उपबन्धों के तहत लाइसेंस जारी करता है और अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार बेतार-आपरेटरों के लिए परीक्षा आयोजित करता है। इस प्रावधान में योजना के अधीन सं.अ. 2002-03 के 38.62 करोड़ रुपए और ब.अ. 2003-04 के 131.17 करोड़ रुपए शामिल हैं जिन्हें बजटीय सहायता से पूरा किया जाएगा।

7. **भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरणः** इसमें टेलीकाम रेगुलेटरी अथारिटी ऑफ इंडिया की सामान्य निधि को निधियों से स्थानान्तरित करने संबंधित अनुमान शामिल है। इस प्रावधान में आयोजना के अधीन सं.अ. 2002-03 के 2.30 करोड़ रुपए और ब.अ. 2003-04 के 1.67 करोड़ रुपए शामिल हैं जिन्हें बजटीय सहायता से पूरा किया गया है।

8. **दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरणः** इसमें दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण से संबंधित व्यय के लिए व्यवस्था है। इसमें आयोजना के तहत संशोधित अनुमान 2002-03 में 0.48 करोड़ रुपए तथा ब.अ. 2003-04 में 0.87 करोड़ रुपए की व्यवस्था शामिल है जिसकी पूर्ति बजटीय सहायता से की जाएगी।

10. **पेंशनः** इसमें भारत संचार निगम लि. में समामेलित कर्मचारियों सहित दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों के पेंशन संबंधी लाभों के लिए प्रावधान है।

11. **आई टी आई को ब्याज सब्सिडीः** इसमें स्वैच्छिक सेवानिवृति योजना के भुगतान के लिए जुटाए गए बांडों पर आई टी आई की ब्याज देयताओं पर सब्सिडी को भुगतान के लिए प्रावधान हैं।

12. **यूएसओ निधि को अन्तरणः** इसमें सार्वभौम सेवा देयता निधि को अन्तरण किए जाने के लिए प्रावधान है।

**पूंजी भाग**

इसमें भारत संचार निगम लि. के लिए ऋण की व्यवस्था की गई है।

आयोजना परिव्यय

दूरसंचार विभाग के ब.अ. 2003-04 के लिए कुल आयोजना परिव्यय 14955.00 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है जिसमें बजट सहायता के रूप में 185 करोड़ रुपए तथा सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के आन्तरिक तथा बजट वाह्य संसाधनों के रूप में 14770 करोड़ रुपए की व्यवस्था शामिल है।



**Website : http://indiabudget.nic.in**